प्रेस विज्ञप्ति

ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा हुआ 'दादी गुलज़ार शांति उपवन' का उद्घाटन

दादी गुलज़ार की तपस्या का यादगार स्थल है 'दादी गुलज़ार शांति उपवन'

सारे विश्व में शांति के प्रकम्पन्न फैलाने के निमित बनेगा यह स्थल - दादी रतनमोहिनी जी

12 मार्च 2020, गुरूग्राम

ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा मानेसर से कुछ ही दूरी पर स्थित दादी गुलज़ार शांति उपवन का उद्घाटन बड़े ही भव्य समारोह के साथ किया गया। 4 एकड़ भूमि पर बने उपवन में योग साधना के लिए बने बाबा के कमरे में मन स्वत: ही प्रभु स्मृतियों में टिक जाता है। अपने स्वास्थ्य लाभ के दौरान काफी वर्षों तक दादी गुलज़ार जी ने यहाँ पर एकांत में रह योग, तपस्या का शक्तिशाली वायुमण्डल निर्मित किया। यहाँ पर आने से ही मन को गहन शांति का अनुभव स्वाभाविक रूप से होने लगता है।

उद्घाटन के इस विशेष अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था की संयुक्त प्रशासिका दादी रतनमोहिनी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि ये भूमि दादी गुलज़ार की तपस्या स्थली रही है इसलिए ये हम सभी के लिए परमात्मा का वरदान है। उन्होंने कहा कि यहाँ पर योग साधना का एक ऐसा शक्तिशाली वातावरण बनाना है, जिससे आकर्षित हो कोई भी व्यक्ति यहाँ आकर गहन शान्ति का अनुभव कर सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय विश्व की सभी आत्माओं को केवल मन की शांति की आवश्यकता है, जिसके लिए इस प्रकार के शक्तिशाली स्थान की ज़रूरत है। कार्यक्रम में संस्था के अतिरिक्त महासचिव बी.के.बृजमोहन, ओ.आर.सी की निदेशिका बी.के.आशा, बी.के.गीता, बी.के.शुक्ला, बी.के.चक्रधारी एवं संस्था के अन्य कई वरिष्ठ सदस्यों ने शांति उपवन के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम में दिल्ली एवं एन.सी.आर से संस्था के अनेक सदस्यों ने शिरकत की।

कैप्शन-1. **ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दादी गुलज़ार शांति उपवन के उद्घाटन समारोह में केक कटिंग करते हुए दादी रतनमोहिनी जी, बी.के.आशा, बी.के.चक्रधारी, बी.के.बृजमोहन, आर.डी.गुप्ता एवं अन्य।**

2. **ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दादी गुलज़ार शांति उपवन के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए दादी रतनमोहिनी जी**
3. **ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दादी गुलज़ार शांति उपवन के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए बी.के.बृजमोहन**
4. **ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दादी गुलज़ार शांति उपवन के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए बी.के.आशा**
5. **ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दादी गुलज़ार शांति उपवन के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए बी.के.गीता**
6. **ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दादी गुलज़ार शांति उपवन के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए बी.के.शुक्ला**
7. **ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दादी गुलज़ार शांति उपवन के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए बी.के.चक्रधारी**
8. **ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दादी गुलज़ार शांति उपवन के उद्घाटन समारोह में उपस्थित संस्था के सदस्य**
9. **ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दादी गुलज़ार शांति उपवन के उद्घाटन समारोह में उपस्थित जन सभा को संबोधित करते हुए दादी रतनमोहिनी जी**